# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति                                                                 दिनांक 29.03.2024

**एसओजी टीम शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शस्त्र बनाते 01 अभियुक्त गिरफ्तार, मौके से भारी मात्रा में बने-अधबने तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद।**

आज दिनांक 29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांति पूर्ण कराये जाने के दृष्टिगत व अपराध के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अवैध शस्त्र की बरामदगी/तस्करी में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में एसओजी टीम शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालन की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये ग्राम कण्डेला के जंगल में अवैध शस्त्र बनाते 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए अवैध शस्त्र फैक्टरी का अनावरण किये जाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। मौके से भारी मात्रा में बने-अधबने तमंचे, कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का साथी मौके से फरार है जिसकी तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.महबूब पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला तलाही थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 05 तमंचे (05 तमंचे 315 बोर)।

2.अवैध 04 जिन्दा कारतूस (02 कारतूस 315 बोर व 02 कारतूस 12 बोर)।

3.अवैध 01 पौनिया 315 बोर।

6.12 नाल (06 नाल 12 बोर, 06 नाल 315 बोर)।

7.08 बॉडी लोहा (04 बॉडी 315 बोर, 04 बॉडी 12 बोर)।

8.अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण (दो रेती लोहा, एक शुम्मी, एक छैनी लोहा, दो हथौडा/हथोडी, 11 स्प्रिंग बडे, 01 आरी लोहा मय ब्लेड, 09 आरी के ब्लेड, 06 वैल्डिंग रॉड, 01 गलेन्डर मय ब्लेड, 11 गलेन्डर के ब्लेड छोटे व बडे, 01 ड्रील मशीन गलेन्डर, 03 बरमे ड्रील, 01 अदद शिकंजा, 50 रिपिट लोहा, 06 ट्रेगर, 05 हैमर, 07 पत्ती छोटी, 03 बॉडी प्लेट लोहा, 01 वैल्डिंग मशीन छोटी, 01 छोटी बैटरी रंग हरा, बिजली का बोर्ड मय तार करीब 25 मीटर रंग काला)।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त महबूब उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 1849/2007 धारा 5/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.मु0अ0स0 1850/2007 धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.मु0अ0स0 409/2008 धारा 414 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।

4.मु0अ0स0 433/2012 धारा 5/25 शस्त्र अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.मु0अ0स0 760/2018 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.मु0अ0स0 92/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

7.मु0अ0स0 280/2019 धारा 302/34 भादवि थाना झिंझाना जनपद शामली।

8.मु0अ0स0 281/2019 धारा 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना झिझाना शामली।

9.मु0अ0स0 167/2021 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

10.मु0अ0स0 168/2021 धारा 5/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

11.मु0अ0स0 165/2024 धारा 5/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.श्री समयपाल अत्री थानाध्यक्ष थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2.उ0नि0 श्री राहुल सिशोदिया एसओजी टीम जनपद शामली।
3.उ0नि0 श्री कुलदीप सिह एसओजी टीम जनपद शामली।
4.उ0नि0 श्री राजकुमार बघेल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
5.उ0नि0 श्री अरूण कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
6.हे0का0 राजू त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
7.हे0का0 सोहित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
8.हे0का0 नितीन त्यागी एसओजी टीम जनपद शामली।
9.हे0का0 प्रदीप कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
10.हे0का0 ललित शर्मा एसओजी टीम जनपद शामली।
11.का0 मनीष कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
12.का0 रोहित कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
13.का0 दिपांकुर त्यागी एसओजी टीम जनपद शामली।
14.का0 अनुज कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।
15.का0 दीपक निर्वाल एसओजी टीम जनपद शामली।
16.का0 मौ0 शादाब एसओजी टीम जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामदः-</u>**

दिनांक 29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 01 वाहन चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस रंग काला जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट नम्बर UP12X9635 लगी है, बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.कृष्णपाल पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम गंगारामपुर चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी की स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल रजि0 नं- HR05X8396

2.फर्जी नम्बर प्लेट रजि0 नं- UP12X9635

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री पवन कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.हे0का0 विकास पुनिया थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध पिस्टल व 06 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा दो अलग अलग स्थानों से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिनके कब्जे से 02 अवैध पिस्टल 7.65 बोर मय 06 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.मुबारिक पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम पावटी कलां थाना कैराना जनपद शामली (01 पिस्टल व 04 कारतूस जिन्दा)।

2.सलमान पुत्र इसराइल निवासी मौहल्ला सेख मैदान थाना झिंझाना जनपद शामली (01 पिस्टल, 02 कारतूस जिन्दा व 01 खोखा कारतूस)।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 02 पिस्टल मय 06 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 7.65 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 राकेश कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.उ0नि0 मौहम्मद युसुफ थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.हे0का0 रोबिन त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.हे0का0 हरेन्द्र थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

5.का0 अनिल कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

6.का0 अमित सांगवान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।





**थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मालैण्डी में गुमशुदा युवक की हत्या करने के मामले में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, मृतक का शव बरामदः-**

ज्ञात हो दिनांक 24.03.2024 को श्रीमती अंजली पत्नी अंजुल निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली द्वारा अपने पति अंजुल पुत्र जनकराज के गुमशुदा होने के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर तहरीर दी थी। वादिया की तहरीर के आधार पर थाना गढ़ीपुख्ता पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश हेतु प्रयास किये जा रहे थे।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर दिनाँक 28.03.2024 को अभियुक्त रवि उर्फ टिल्लू पुत्र सुरेशचन्द निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो अभियुक्त रवि उर्फ टिल्लू द्वारा बताया गया कि उसने व उसके दो अन्य साथियों रुपेश व सबी द्वारा दिनाँक 24.03.2024 को अंजुल पुत्र जनकराज की शराब पीने को लेकर मारपीट कर हत्या कर दी तथा शव को खेत में दबा दिया है। अभियुक्त रवि उर्फ टिल्लू की निशांदेही पर थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा मृतक के शव को ग्राम मालैण्डी मे खेत से बरामद कर मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन एकत्र करते हुये पंचायतनामा की कार्यवाही की गयी तथा घटना के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये आज दिनाँक 29.03.2024 को घटना में लिप्त अन्य अभियुक्त रुपेश पुत्र सतवीर निवासी ग्राम मालैण्डी जनपद शामली को मृतक के पहने लोअर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**घटना का उद्देश्यः-** गिरफ्तारशुदा अभियुक्त रवि उर्फ टिल्लू पुत्र सुरेशचन्द शर्मा निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 24.03.2024 को शाम को मैं तथा मेरे साथी रुपेश पुत्र सतबीर, सबी पुत्र रामपाल उर्फ फुदल निवासीगण ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली मृतक अंजुल पुत्र जनकराज के साथ ठेके के पास बैठकर शराब पी रहे थे तभी शराब पीने को लेकर हमारी अंजुल के साथ कहासुनी ओर गाली गलौच हो गयी थी। इसी बात पर मैने व मेरे साथियो रुपेश पुत्र सतबीर, सबी पुत्र रामपाल उर्फ फुदल निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जिला शामली द्वारा अंजुल के साथ मारपीट की थी जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था उसके बाद हम लोगो ने पुलिस के डर से अंजुल को उसी के पहने लोअर को उतारकर उसी लोअर से अंजुल का गला घोटकर हत्या कर दी थी तथा पकड़े जाने के डर से मृतक अंजुल की डैड बाडी को लेकर जय कुमार पुत्र महाबीर शर्मा निवासी ग्राम मालैण्डी के खेत पर पहुँचे थे। सबी को फावड़ा लाने के लिए गांव में भेज दिया था। सबी व हमारा दोस्त हनीफ पुत्र हमीद निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली फावड़ा लेकर मौके पर आ गये। हम चारो ने मिलकर गड्ढा खोदकर अंजुल के शव को जयकुमार के खेत में दबा दिया था जो मैने आपको बरामद करा दिया है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.रवि उर्फ टिल्लू पुत्र सुरेशचन्द निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2.रुपेश पुत्र सतवीर निवासी ग्राम मालैण्डी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.श्री प्रवेश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2.उ0नि0 यशपाल सिंह थाना थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

3.उ0नि0 अय्यूब अली थाना थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

4.है0का0 संजय पंवार थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

5.का0 सचिन शर्मा थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

6.का0 योगेश कुमार थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।



**<u>थाना झिंझाना व कैराना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से अवैध अंग्रेजी/कच्ची शराब बरामदः-</u>**

दिनांक 28/29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाए जा रहे अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना व कैराना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को अवैध अंग्रेजी शराब (24बोतल) व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना व कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.सूरज पुत्र बालिस्टर निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली (गिर0 थाना झिंझाना)।

2.आसिफ पुत्र जमील निवासी मौहल्ला दरबारखुर्द थाना कैराना जनपद शामली (गिर0 थाना कैराना)।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध अंग्रेजी शराब 24 बोतल अरुणाचल मार्का (थाना झिंझाना)।

2.अवैध 20 लीटर कच्ची शराब (थाना कैराना)।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री सतीश सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 मनीष थाना कैराना जनपद शामली।

4.का0 निशान्त थाना कैराना जनपद शामली।

5.का0 सुमित कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.का0 शान्तनु यादव थाना झिंझाना जनपद शामली।





**लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना झिंझाना पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान कार चालक से 02 लाख 16 हजार रुपये बरामदः-**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एव निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त क्रम में आज दिनांक 29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद शामली के निर्देशन में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत करनाल बॉर्डर बिडौली चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान एक हुंड़ई क्रेटा रजि0 न0- HR03T6666 की चैकिंग की गयी तो गाड़ी चालक सूरज पुत्र जगलीराम निवासी मौहल्ला इन्द्रा कालोनी थाना सुभाष मण्डी चौकी जनपद कुरुक्षेत्र हरियाणा की गाड़ी से 02 लाख 16 हजार रूपये रखे हुए मिले। उपरोक्त रूपयों के सम्बन्ध में गाड़ी चालक से दस्तावेज मांगे गये तो कोई दस्तावेज नही दिखा सका। बरामदगी के सम्बन्ध में आयकर विभाग को सूचना से अवगत कराते हुए थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गाडी चालकः-**

1.सूरज पुत्र जगलीराम निवासी मौहल्ला इन्द्रा कालोनी थाना सुभाष मण्डी चौकी जनपद कुरुक्षेत्र हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1-02 लाख 16 हजार रुपये नगद।

**चैकिंग करने वाली फ्लाईंग स्क्वायड टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राकेश गौतम थाना झिंझाना जनपद शामली।
2.है0का0 प्रदीप थाना झिंझाना जनपद शामली।
3.है0का0 कपिल मलिक थाना झिंझाना जनपद शामली।
3.का0 सनोज थाना झिंझाना जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**